भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*301
सोमवार, 16 मार्च, 2020/26 फाल्गुन, 1941 (शक)

पंजीकृत बेरोजगार व्यक्ति

*301. एडवोकेट अदूर प्रकाशः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान देश में पंजीकृत बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों में हुई कमी के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*

एडवोकेट अदूर प्रकाश द्वारा पंजीकृत बेरोजगार व्यक्ति के संबंध में दिनांक 16.03.2020 को पूछे गए लोक सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *301 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) एवं (ख): राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, देश में रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों, जिनमें यह आवश्यक नहीं है कि सभी बेरोजगार हों, की संख्या, वर्ष 2015, 2016 और 2017 के दौरान उपलब्ध सीमा तक क्रमशः 4.35 करोड़, 4.34 करोड़ और 4.24 करोड़ थी।

(ग एवं घ): श्रम ब्यूरो ने 8 प्रमुख क्षेत्रों अर्थात 10 अथवा अधिक कामगारों वाले विनिर्माण, निर्माण, ट्रेड, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास व रेस्तरां तथा आईटी/बीपीओ को शामिल करते हुए गैर-कृषिगत औद्योगिक अर्थव्यवस्था के विशाल भाग में उत्तरोत्तर तिमाहियों में रोजगार की स्थिति में सापेक्ष परिवर्तन को मापने के उद्देश्य से कार्य क्षेत्र तथा कवरेज के विस्तार द्वारा अप्रैल, 2016 में पुनर्निर्मित तिमाहिक रोजगार सर्वेक्षण (क्यूईएस) आरंभ किया। अर्थव्यवस्था के 8 चुनिंदा क्षेत्रों में अप्रैल, 2016 से अक्तूबर, 2017 तक रोजगार में कुल 6.16 लाख कामगारों का सकारात्मक परिवर्तन रहा है।

*****